समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# शेयर बाजार की रफ्तार पर ब्रेक, 200 अंक टूटा सेसेंक्स, निफ्टी मे भी गिरावट।

Publisher
Published on 16 May 2025



## गुरुवार को चौतरफा लिवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से स्थानीय शेयर बाजार मे लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही. बीएसई सेसेंक्स 1,200 अंक चढ़ गया.

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को दिन की शुरुआत गिरावट के साथ हुई है. सेंसेक्स सुबह करीब सवा नौ बजे **216.03** अंक यानी **0.26** प्रतिशत की गिरावट के साथ **82,314.71** के स्तर पर खुला है. हालांकि, बाद में सेंसेक्स और गिरकर 250 अंक नीचे चला गया. जबकि निफ्टी 34.20 प्वाइंट यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,014.70 के स्तर पर कारोबार कर रहा है.

आज सबसे ज्यादा नुकसान में **इंडसइंड बैंक, एसबीआई** और **भारती एयरटेल** के शेयर हैं. डिफेंस शेयरों में उछाल जारी है. **एचएएल 4 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 3 प्रतिशत, बीडीएल 6 प्रतिशत जबकि कोचीन शिपयार्ड, गार्डन रीच** और मझगांव डॉक के शेयर 6 से 8 प्रतिशत के बीच दौड़ लगा रहे है.

### एक दिन पहले बाजार मे तेजी

इससे पहले, गुरुवार को चौतरफा लिवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही. **बीएसई सेसेंक्स 1,200** अंक चढ़ गया. वहीं **एनएसई निफ्टी 7** महीने बाद फिर से 25,000 अंक के पार पहुंच गया. 30 शेयरों पर आधारित **बीएसई सेसेंक्स 1,200.18** अंक यानी 1.48 प्रतिशत उछलकर सात महीने के उच्चस्तर 82,530.74 अंक पर बंद हुआ.

सेंसेक्स में शामिल 29 शेयर लाभ में रहे. सूचकांक पहले चरण के कारोबार में सीमित दायरे में रहा. लेकिन दोपहर कारोबार में **बैकं, वाहन, आईटी** तथा **तेल एवं गैस** शेयरों में अच्छी लिवाली से बाजार में तेज बढ़त देखने को मिली. सेंसेक्स एक समय 1,387.58 अंक तक चढ़ गया था.

**नेशनल स्टॉक एक्सचेजं** का निफ्टी भी 395.20 अंक यानी 1.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ सात महीने के उच्चस्तर 25,062.10 अंक पर बंद हुआ. इससे पहले, 15 अक्टूबर, 2025 को निफ्टी 25,000 अंक के ऊपर बंद हुआ था. सेंसेक्स के शेयरों में टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा चार प्रतिशत से अधिक की बढ़त रही. इसके अलावा **एचसीएल टेक, अदाणी पोर्ट्स, इटर्नल, मारुति, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेट्सं, एचडीएफसी बैकं, आईसीआईसीआई बैकं, भारती एयरटेल** और **इन्फोसिस** प्रमुख रूप से लाभ में रहे.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.